हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 4 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

11 सुपवा के छात्रों का नाटक मंचन 5 को रिहर्सल ...



12 दो माह और हिचकोले खाएंगे दिल्ली से आने ...



## मदवि में आधुनिक और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम

सीएम ने किया गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल का शिलान्यास

# महिला खिलाड़ियों को मिलेगा हॉस्टल, 150 छात्राएं रह सकेंगी

### 5 करोड़ की लागत से तैयार होगा

### हम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध

*कवर एरिया लगभग 2374 वर्ग मीटर तय किया, खिलाड़ियों को मिलेगा सुरक्षित वातावरण*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में स्पेशल ओलंपिक भारत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर सीएम ने एमडीयू के अभिलाषा कन्या छात्रावास परिसर में गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल के निर्माण का शिलान्यास किया। यह परियोजना महिला खिलाड़ियों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। प्रस्तावित गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल की क्षमता 150 छात्राओं की होगी। इस बहुमंजिला (ग्राउंड प्लस तीन) संरचना का कुल कवर एरिया लगभग 2374 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है, जिस पर करीब 5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। ग्राउंड फ्लोर पर चार कमरे, वार्डन कक्ष संलग्न शौचालय सहित, किचन, डाइनिंग एरिया, कॉमन रूम तथा स्टोर की व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर बालकनी सहित छह कमरे बनाए जाएंगे, जबकि द्वितीय और तृतीय तल पर छह-छह डॉरमेट्री का निर्माण प्रस्तावित है। प्रत्येक मंजिल पर शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।





रोहतक। मदवि में मार्च पास्ट के दौरान खिलाड़ियों का अभिनंदन करते एवं गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल के निर्माण का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नायब सिंह व अन्य।

### 27 राज्यों से 500 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

स्पेशल ओलंपिक भारत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप शुभारंभ के अवसर स्पेशल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दी। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 27 राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### सीएम व अन्य अतिथिगण का किया गया सम्मान

स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा अन्य अतिथिगण को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर गणमान लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए वैश्विक आंदोलन

सीएम ने कहा, पैरालंपिक शारीरिक दिव्यांगता वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित किए जाते हैं। जबकि, स्पेशल ओलंपिक बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है।

### समावेशी भावना से भारत की नींव होगी मजबूत: वीसी

एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि समावेशी भावना से विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन एमडीयू परिसर में होना गौरव की बात है।

### कांग्रेस में न नेता, न नीति और न नेतृत्व: खेल मंत्री गौतम



रोहतक। कांग्रेस केवल आधारहीन बात करती है। उनके पास न नेता, न नीति और न नेतृत्व है। किसी भी मुद्दे को लेकर मीडिया में बने रहने के लिए अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं। भारत की जनता जानती है कि देश पीएम मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुआ है। हरियाणा सरकार ने 700 करोड़ रुपये के कैश अवार्ड दिए जा चुके हैं। इस बार भी बजट अच्छा ही मिलेगा। ऐसा कहना खेल मंत्री गौरव गौतम का। उन्होंने स्पेशल ओलिंपिक भारत के उद्घाटन अवसर पर मीडिया से बात करते हुए अपने विचार रखे।

**हरियाणा में बनेगा उत्तर भारत का मॉडल खेल केंद्र**

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गुरूग्राम के दौलताबाद में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में उत्तर भारत का मॉडल खेल केन्द्र भी बनाया जाएगा। यह चैम्पियनशिप समावेशी भारत व मानवीय मूल्यों का उत्सव है।

## सीएम साहब आते रहा करो ...

# सैनी के दौरे से चमका शहर सड़कों से गायब हुई गंदगी

*एमडीयू में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले सड़कों पर दिखी सफाई अन्य इलाकों में कूड़ा-कचरा और सीवर की समस्या से जूझते रहे लोग*

यहां सफाई





यहां बदहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सीएम साहब रोजाना आते रहो, ताकि शहर की सफाई होती रहे। यह बात अब आम नागरिकों की जुबान पर है। मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पहुंचने से पहले ही प्रशासन और नगर निगम हरकत में आ गया। एमडीयू के बाहर की सड़कों, आसपास के सेक्टरों और प्रमुख मार्गों पर सफाई कर्मियों ने घंटों मेहनत कर इलाके को चमका दिया। जगह-जगह झाड़ू, पानी का छिड़काव और कूड़ा उठाने का काम तेजी से किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र स्वच्छ नजर आया। हालांकि, मुख्यमंत्री का काफिला निकलते ही शहर के अन्य हिस्सों की हकीकत फिर सामने आ जाती है। कई कॉलोनियों और सेक्टरों में अब भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, नालियां जाम हैं और सड़कों पर गंदगी पसरी हुई है।

### ज्ञापन सौंपने के बाद भी समाधान नहीं हुआ

आरडब्लयूए पदाधिकारियों के अनुसार, सड़क खोदे जाने के बाद लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। धूल, कीचड़ और टूटे रास्तों से रोजाना आवागमन करना मजबूरी बन गया। कई बार शिकायतें की गईं, ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर आरडब्ल्यूए को सीएम को न्योता भेजने का कदम उठाना पड़ा, ताकि प्रशासन की नींद टूटे और हालात सुधरें। शहरवासियों ने मांग की है कि सफाई व्यवस्था को केवल कार्यक्रमों और वीआईपी मूवमेंट तक सीमित न रखा जाए।

### कर्मियों की कमी नहीं इच्छाशक्ति ही नहीं

नागरिकों का कहना है कि वीआईपी दौरे से पहले होने वाली सफाई यह साबित करती है कि संसाधनों और कर्मचारियों की कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ इच्छाशक्ति की। यदि नगर निगम और प्रशासन इसी तरह नियमित सफाई कराएं, तो शहर की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का रोज आना संभव नहीं है, लेकिन उनकी मौजूदगी जैसी व्यवस्था और निगरानी रोजाना होनी चाहिए।

### ऐसी सफाई व्यवस्था रोजाना लागू हो

लोगों का कहना है कि यदि यही सफाई व्यवस्था रोजाना लागू हो जाए, तो रोहतक को स्वच्छता में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इसी कड़ी में सेक्टर चार एक्सटेंशन का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। बताया गया कि करीब चार माह पहले सेक्टर चार आरडब्ल्यूए ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अपने सेक्टर में आने का निमंत्रण दिया था। आरडब्ल्यूए का कहना था कि यदि मुख्यमंत्री स्वयं मौके पर आएंगे, तो वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान जरूर होगा। उनका आरोप है कि सेक्टर चार एक्सटेंशन में सीवर की गंभीर समस्या के चलते पूरी सड़क को खोद दिया गया था, लेकिन एक साल तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया।

## शहर में आज

- ⏭ एमडीयू में स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता के मैच सुबह 10 बजे से
- ⏭ जाट कॉलेज में इंटर कॉलेज हैंडबॉल स्पर्धा सुबह 10 बजे
- ⏭ राजकीय महिला कॉलेज में स्टेट जूडो प्रतियोगिता 10:30 बजे
- ⏭ जींद रोड 22 याड्र्स मैदान में भारती क्रिकेट अकादमी और आरसीए दिमाना के बीच मैच 11 बजे

### घर में घुसकर नकदी चोरी करने वाला धरा

**रोहतक।** पुलिस ने घर में घुसकर नकदी चोरी करने के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव सैम्पल निवासी राहुल उर्फ नहनू को रुप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर 5 लाख की ऑनलाइन ठगी

**रोहतक।** शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर साइबर ठगों ने गांधी कैंप निवासी युवक से करीब पांच लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। गांधी कैंप निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले उसके मोबाइल फोन पर एक नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को शेयर मार्केट से जुड़ा एक्सपर्ट बताया और कम समय में अधिक लाभ दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने उसे व्हाट्सएप ग्रुप में भी जोड़ा, जहां शेयर मार्केट से जुड़े चार्ट, मुनाफे के स्क्रीनशॉट और निवेश की झूठी सफलता की कहानियां भेजी जाती थीं। पीड़ित ने बताया कि शुरुआती निवेश पर थोड़ी-बहुत रकम का मुनाफा दिखाकर उसका भरोसा जीत लिया गया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में रोहित से करीब पांच लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए गए। जब रोहित ने निवेश की रकम निकालने की बात कही तो उन्होंने अन्य चार्जेज के नाम पर और पैसे मांगने शुरू कर दिए। शक होने पर जब रोहित ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी के फोन नंबर बंद मिले।

■ **गांधी कैंप निवासी युवक बना साइबर ठगों का शिकार**

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठगे, 5 पर केस

**महम।** लाखन माजरा गांव के एक व्यक्ति के साथ 10 लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। यह रकम सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी गई। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में जितेंद्र पुत्र ईश्वर सिंह ने बताया कि वह बिजली मिस्त्री का काम करता है। उसकी बुआ का पोता मेजर मंदीप फौज से रिटायर होकर समायरा कंपनी देहरादून में प्राइवेट जॉब करता था। वहां पर उसकी मुलाकात विजय पॉल से हुई। विजय पॉल ने बताया कि उसक जान पहचान दिल्ली विदेश मंत्रालय में है। अगर किसी जानकार को नौकरी लगवानी है तो वह 10 लाख रुपए में सरकारी नौकरी लगवा देगा। मंदीप ने विजय पॉल से लाखन माजरा में उसकी मुलाकात करवाई। विजयपाल ने उसे ड्राइवर की नौकरी लगवाने का विश्वास दिलाया। विश्वास में आकर उसने 3 नवंबर 2025 को विजयपाल और मंदीप को दस लाख रुपये दे दिए। उसने उसको ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया और कहा दो दिन में नौकरी लग जाएगी। पीड़ित ने बताया कि दस्तावेज वैरिफिकेशन और ज्वाइन के नाम पर उसको दिल्ली में जगह जगह घुमाया गया और कई महीने तक गुमराह किया गया।

■ **दस्तावेज वैरिफिकेशन और ज्वाइन के नाम पर दिल्ली में घुमाया**

## दंत चिकित्सा सेवाओं में नई ऊंचाइयों का आगाज : डॉ. अग्रवाल

*अब 20 मिनट में इंफेक्शन मुक्त होंगे उपकरण, मरीजों को होगा फायदा*

# 10 मिनट में होगी दांतों की 3 डी इमेज तैयार अब डेंटल सर्जन के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अक्सर देखने में आता था कि जिन लोगों को नए दांत लगवाने होते थे, उन्हें अपने दांतों को लगवाने के लिए कई बार डेंटल सर्जन के चक्कर काटने पड़ते थे, वहीं दांत का नाप लेने के लिए जब सर्जन केमिकल का इस्तेमाल करते थे तो लोगों को उबकाई व उल्टियां आने लग जाती थी, जिससे आम जनता को परेशानी तो होती ही थी, उससे उनका समय भी खराब होता था। अब पीजीआईडीएस में नई विश्व स्तरीय मशीन आने से उन्हें यह समस्या नहीं होगी। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचके अग्रवाल का, वें मंगलवार को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस) में आई कई अत्याधुनिक आधुनिक सुविधाओं का शुभारंभ करने पहुंचे थे। इस अवसर पर आमजन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि संस्थान सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।



रोहतक। पीजीआईडीएस में आई आधुनिक सुविधाओं वाली मशीन का शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### 11 मशीनें खरीदी गई

करीब 42 लाख रुपये से खरीदी गई विभिन्न प्रकार की 11 मशीनें। 7 फास्ट टेबल टॉप ऑटोक्लेव शामिल हैं, जो पूर्णतः स्वचालित हैं और प्रत्येक की कीमत 4.5 लाख रुपये है। कुल लागत 31.5 लाख रुपये है। कमरा उपकरणों की निर्जंतुकीकरण प्रक्रिया को अत्यधिक तेज और सुरक्षित बनाता है।

### 3डी के फायदे

पहले जहां उपकरणों को स्टेरलाइज करने में 1 से 2 घंटे लग जाते थे वहीं अब 20 मिनट में उपकरणों को इंफेक्शन मुक्त किया जा सकेगा। इससे मरीजों को फायदा मिलेगा।

### ऐसी है मशीन

मशीन से सिर्फ 10 मिनट के अंदर मरीज के सारे जबड़े की 3 डी इमेज आ जाएगी। जिससे क्रांउन कटिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी और मरीज को बार-बार अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और इस इमेज को सीधे लैब में भेजकर मरीज के दांत बनकर आ जाएंगे।



# जर्जर सड़क के दिन फिरेंगे, जींद बाइपास से हिसार बाइपास तक चमकेगी सड़क, खर्च होंगे 26 करोड़




- डेढ़ किमी लंबी सड़क बनते ही आमजन को मिलेगी राहत
- पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेजा
- स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया की जाएगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल जींद बाईपास से हिसार बाईपास रोड अब नए रूप में नजर आएगा। इस सड़क के कायाकल्प की दिशा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ठोस पहल करते हुए सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण का विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर लिया है। इस परियोजना पर करीब 26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह एस्टीमेट लगभग दो सप्ताह पहले तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह सड़क न केवल शहर के भीतर यातायात का अहम हिस्सा है, बल्कि जींद, हिसार और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग भी है। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। भारी ट्रैफिक दबाव के चलते सड़क कई स्थानों पर जर्जर हालत में पहुंच चुकी है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित योजना के तहत सड़क की मजबूतीकरण के साथ-साथ इसका व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसमें नई लेयर बिछाने, क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत और सड़क को अधिक टिकाऊ बनाने के कार्य शामिल हैं। इसके अलावा डिवाइडर का निर्माण, दोनों ओर फुटपाथ विकसित करना, आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाना और सड़क किनारे हरियाली विकसित करने की भी योजना है। इससे न सिर्फ यातायात सुचारु होगा, बल्कि शहर की सुंदरता में भी इजाफा होगा।

## अभी ऐसी नजर आती है सड़क, रहता है हादसों का डर

### लंबे समय से उठ रही थी मरम्मत की मांग

स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और वाहन चालकों का कहना है कि वे काफी समय से इस रोड की बदहाल स्थिति को लेकर शिकायत करते आ रहे थे। बरसात के दिनों में सड़क पर गड्ढे बन जाते हैं और कई जगह जलभराव हो जाता है, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रस्तावित सौंदर्यीकरण और सुधार कार्य के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




### शहर के विकास को मिलेगी गति

शहर के विकास के लिहाज से यह परियोजना अहम मानी जा रही है। 24 करोड़ रुपये की लागत से होने वाला यह कार्य न केवल यातायात व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि रोहतक के बुनियादी ढांचे को भी नई मजबूती देगा। बेहतर सड़कों से व्यापार, आवागमन और निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे।

### पूरा प्लान तैयार कर लिया है, मंजूरी मिलते ही काम शुरू होगा

इस परियोजना पर करीब 26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह एस्टीमेट लगभग दो सप्ताह पहले तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। भारी ट्रैफिक दबाव के चलते सड़क कई स्थानों पर जर्जर हालत में पहुंच चुकी है।

-हेमंत कुमार, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

**जींद, हिसार और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़क बनने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी, यातायात भी सरल और सुगम हो पाएगा। जाम से मुक्ति मिलेगी।**

## खबर संक्षेप

### पहरावर गोशाला में 4 से 15 तक वार्षिक उत्सव

**रोहतक।** सभी गोभक्तों के लिए हर्ष का विषय है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में 4 फरवरी से 15 फरवरी तक वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध लोककवि पंडित लखमीचंद जी के पौत्र पंडित विष्णुदत्त कौशिक द्वारा कुल 12 सांगों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रद्धालुओं को लोक संस्कृति और आध्यात्मिक भावनाओं से जोड़ेंगी। गोशाला के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष इसी माह आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि मार्च के बाद गेहूं का सीजन आरंभ होने पर दानी सज्जनों द्वारा दिए गए दान से गौमाता के लिए पूरे वर्ष का भूसा (तूड़ा) क्रय किया जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने कलानौर क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना कलानौर प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कलानौर निवासी मोनू की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 1 फरवरी की रात उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के पीछे स्थित एक खाली प्लॉट में खड़ी की थी। सुबह उठने पर मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 2 फरवरी को आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया।

### 30 पुराने पेड़ काटने की एसडीएम को दी शिकायत

**बहादुरगढ़।** बिना वन विभाग से अनुमति लिए नया गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर से 30 पेड़ काटकर बेचने का मामला सामने आया है। पेड़ किसने काटे यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ग्राम सरपंच ने तमाम आरोपों को निराधार बताते हुए पेड़ कटवाने की बात से इनकार किया है।

# व्यापार मंडल ने की एकमुश्त निपटान योजना तीसरी बार लागू करने की मांग

**रोहतक।** हरियाणा व्यापार मंडल ने प्रदेश में वैट के लंबित मामलों को लेकर सरकार से एक बार फिर एकमुश्त निपटान योजना को पुनः तीसरी बार लागू करने की मांग की है। इस संबंध में संगठन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं जीएसटी आयुक्त, हरियाणा को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत पत्र भेजा गया है।

हरियाणा व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने कहा कि हाल ही में आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा शुरू की गई एकमुश्त निपटान योजना का व्यापारियों ने स्वागत किया है और इससे बड़ी संख्या में करदाताओं को राहत मिली है। इसी तर्ज पर पूर्व-जीएसटी काल के वैट से जुड़े लंबित मामलों के लिए भी एक उदार और व्यावहारिक समाधान आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज भी हजारों छोटे, मध्यम एवं बड़े व्यापारी ऐसे हैं, जिनके वैट के मामले वर्षों से लंबित हैं। ये मामले व्यापारियों के लिए आर्थिक व मानसिक दबाव बने हुए हैं। यदि वैट के लंबित मामलों हेतु एकमुश्त निपटान योजना को पुनः लागू किया जाता है, तो इससे व्यापारियों को स्थायी राहत मिलेगी और सरकार को बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया के राजस्व प्राप्त होगा।

### वैट टैक्स में नहीं हो अधिकतम राशि सीमा

हरियाणा व्यापार मंडल के स्टेट हेड (जीएसटी एवं लीगल) एडवोकेट शिव कुमार मित्तल ने कहा कि प्रस्तावित योजना में बकाया वैट टैक्स की कोई अधिकतम राशि सीमा निर्धारित नहीं की जानी चाहिए, ताकि सभी छोटे-बड़े व्यापारी इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि पूर्व में लागू की गई वैट निपटान योजनाओं से सरकार और व्यापार दोनों को लाभ हुआ है और उसी सकारात्मक अनुभव के आधार पर यह मांग रखी गई है। व्यापार मंडल ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री एवं कर विभाग व्यापारियों की इस व्यावहारिक मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और शीघ्र ही वैट के लंबित मामलों के लिए एकमुश्त निपटान योजना को पुनः तीसरी बार लागू कर प्रदेश के व्यापारियों को राहत देने का कार्य करेंगे।

# डीएलएसए सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने लिया पीजीआई के नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा

- हेल्पलाइन नंबर 15100 पर फोन करके मुफ्त में कानूनी सहायता लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ तरन्नुम खान ने पीजीआइएमएस स्थित नशा मुक्ति केन्द्र का दौरा किया। डॉ. तरन्नुम खान ने नशा मुक्ति केन्द्र में उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात की तथा उन्हें नशा छोड़ने के लिए जागरूक किया। डॉ. तरन्नुम खान ने नशा मुक्ति केंद्र पर उपस्थित सभी तरह की व्यवस्थाओं का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि आगामी 14 मार्च 2026 को रोहतक कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आपसी सहमति से सभी तरह के मुकदमों को रखकर मौके पर ही न्याय प्राप्त किया जा सकता है। बताया कि फरवरी माह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहतक के द्वारा दहेज प्रथा के प्रति जागरूक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। दहेज लेना एक कानून अपराध है। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी व्यक्ति को कोई भी किसी भी तरह की कानूनी सहायता की जरूरत है तो वह नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर फोन करके मुफ्त में कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहतक के कार्यालय में पैनल पर उपस्थित अधिवक्ताओं के रूप में उन्हें मुफ्त उनका केस लड़ने के लिए वकील मुहैया कराया जाएगा।

### टैक्स डिवोल्यूशन से मिले 20,772 करोड़

# केंद्रीय बजट से हरियाणा को मिली ऐतिहासिक मजबूती : शमशेर खरक


शमशेर सिंह खरक

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट ने हरियाणा के विकास को ऐतिहासिक मजबूती दी है। सेंट्रल ट्रांसफर, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनकल्याणकारी योजनाओं में रिकॉर्ड बढ़ोतरी यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा देश के अग्रणी विकासशील राज्यों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा यह कहना कि हरियाणा को केंद्रीय बजट में कुछ नहीं मिला, पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है। उन्होंने बताया कि टैक्स डिवोल्यूशन के तहत वर्ष 2026-27 (बीई) में हरियाणा के लिए 20,772 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि ग्रांट्स-इन-एड के अंतर्गत वर्ष 2025-26 (बीई) में 9,792 करोड़ रुपये रखे गए हैं। वर्ष 2014 से 2026 के बीच हरियाणा को टैक्स डिवोल्यूशन के रूप में 1.06 लाख करोड़ रुपये और ग्रांट्स-इन-एड में 78,345 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जो कांग्रेस की तुलना में कई गुना अधिक हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले में दखल से किया इनकार याचिका खारिज

# सुप्रीम कोर्ट से रोहतक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फोगाट को झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक निर्णय को चुनौती देने वाली बार एसोसिएशन रोहतक के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फोगाट की याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व प्रधान द्वारा दायर याचिका में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने और अंतरिम राहत देने की मांग की गई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने मामले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। याचिका के माध्यम से लोकेंद्र फौगाट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को भी पक्षकार बनाया था। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश यथावत बना रहेगा।

गौरतलब है कि 6 नवंबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकेंद्र फौगाट की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव में उम्मीदवार के रूप में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि फौगाट के खिलाफ दो अनुशासनात्मक कार्यवाहियां लंबित हैं, ऐसे में उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने 23 मार्च 2024 को उन्हें भविष्य में किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया था। यह कार्रवाई बार एसोसिएशन नियम 205 के नियम 6-बी (3) के उल्लंघन के चलते की गई थी।

### बीसीआई और हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत

पूर्व प्रधान द्वारा इस आदेश के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई थी, जिसे 27 फरवरी 2025 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने बीसीआई के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2025 के आदेश में कानूनी अभ्यास से रोकने संबंधी निर्देश पर अस्थायी रोक तो लगाई, लेकिन चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद बार काउंसिल चुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए दायर आवेदन को भी दिल्ली हाईकोर्ट ने 6 नवंबर 2025 को खारिज कर दिया। यह निर्णय बार काउंसिल ऑफ इंडिया की 29 अक्टूबर 2025 की अधिसूचना के आधार पर लिया गया, जिसमें चुनाव से नौ माह पूर्व किसी भी अधिवक्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित न होने की शर्त स्पष्ट की गई है।

# ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया विवाह बंधन में बंधे

- सादगी भरे समारोह में शिवानी के साथ सात फेरे लिए



**बहादुरगढ़।** हरियाणा की माटी से निकलकर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले ओलम्पियन पहलवान दीपक पूनिया शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बहादुरगढ़ स्थित हिल्टन रिसॉर्ट में अपने पिता के मित्र की पुत्री शिवानी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच सात फेरे लिए। अर्जुन अवॉर्डी दीपक की पत्नी शिवानी झज्जर जिले के गांव निलोठी की रहने वाली हैं। वह रोहतक के जाट महाविद्यालय से अंग्रेजी ऑनर्स में स्नातकोत्तर और बीएड कर चुकी हैं तथा वर्तमान में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। दीपक और शिवानी की सगाई सितंबर माह में हुई थी। सोमवार दो फरवरी को झज्जर में स्थित धनखड़ फार्म हाउस में लग्न टीका समारोह हुआ था। मंगलवार तीन फरवरी की सायं छारा गांव से बारात रवाना होकर बहादुरगढ़ के हिल्टन रिसॉर्ट पहुंची। दीपक पूनिया का जन्म 19 मई 1999 को झज्जर जिले के छारा गांव में हुआ था। पिता सुभाष स्वयं स्थानीय स्तर के पहलवान रहे और उन्होंने महज पांच वर्ष की उम्र में दीपक को अखाड़े में उतार दिया। कोच वीरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हुए दीपक ने कुश्ती की बारीकियां सीखीं।

**श्रमिक, किसान-विरोधी और आम जनता पर बोझ डालने वाली नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का ऐलान**

राष्ट्रव्यापी हड़ताल केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीति के खिलाफ

# कर्मचारी संगठनों ने बनाई रणनीति, 12 फरवरी की हड़ताल को बनाएंगे कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। मीटिंग को सम्बोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड को थोपने, मनरेगा को खत्म करने, बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत एफडीआई के खिलाफ व सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने व खाली पदों पर स्थाई नियुक्ति की मांग को लेकर 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर रोहतक की दो दर्जन से ज्यादा मजदूर यूनियन, कर्मचारी संगठन व किसान संगठनों ने संयुक्त रणनीति तैयार की है। हरियाणा गवमेंट पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में हुई संयुक्त मीटिंग की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान प्रकाशचंद्र व शंभू टांक ने की। मीटिंग में बोलते हुए सीटू प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, जिला सचिव कामरेड विनोद व सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव मनजीत पांचाल ने कहा कि यह हड़ताल केंद्र सरकार की श्रमिक-विरोधी, किसान-विरोधी और आम जनता पर बोझ डालने वाली नीतियों के खिलाफ एक निर्णायक संघर्ष है, जिसमें समाज के हर वर्ग मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, कर्मचारी और छोटे व्यापारी को शामिल किया जाएगा। जनता के सामने सबसे बड़े मुद्दे बिजली बिलों का बढ़ता बोझ, स्मार्ट मीटर योजना और अन्य जन-विरोधी नीतियां हैं। हरियाणा में हाल के वर्षों में बिजली दरों में बार-बार वृद्धि, फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट बढ़ाने, स्लैब बदलने और फिक्स्ड चार्ज से आम घरों के बिजली बिल आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है। बिजली बिल-2025 की नीतियां और बढ़ोतरी जनता पर सीधा हमला हैं। इसी तरह स्मार्ट मीटर योजना का जबरन थोपना उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ कारण बन रहा है, जिसके खिलाफ प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। शांति बिल जैसे काले कानून आंदोलन करने के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला कर रहे हैं, जिससे जनता की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

चारों लेबर कोड्स को रद्द कर पुराने श्रम कानूनों की बहाली, मनरेगा की सच्ची बहाली और मजदूरी में वृद्धि, निर्माण श्रमिकों के पोर्टल को तुरंत खोलना, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के फैसले का क्रियान्वयन, राज्य में न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये लागू करना, बिजली बिल-2025 को पूरी तरह रद्द करना, शांति बिल को वापस लेना तथा स्मार्ट मीटर योजना को बंद करना। ये मांगें केवल श्रमिकों की नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हैं जो महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते बिलों से जूझ रहा है। बैठक में तय किया गया कि जिले के सभी ब्लॉकों में आम सभाओं के जरिए जन-जन तक पहुंचकर हड़ताल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया जाएगा। मीटिंग में बोलते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता एकजुट होकर खड़ी हो, 12 फरवरी को काम-धंधा बंद कर, सड़कों पर उतरकर सरकार को झुकने पर मजबूर करेंगे। बैठक में सीटू नेता धर्मवीर हुड्डा, बिजली कर्मचारी नेता संदीप ओहल्याण, हुडा कर्मी नेता जयभगवान व प्रदीप, नगरपालिका कर्मचारी संघ के राकेश चावरिया व राजपाल टांक , हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के संजय चुलियाना व रामनिवास, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के वेदपाल,भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा की कमलेश लाहली, अमित व राकेश मौजूद रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने की 12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियां

- दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 22, 23 को कुरुक्षेत्र में होगा

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला के जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने बताया कि श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी संघ बढ़-चढ़ कर भाग लेगा। केन्द्र सरकार 8वें वेतन आयोग की अधिसूचना में कार्यरत कर्मचारियों के साथ-2 पैंशनर्स को भी दायरे में ले क्योंकि पैंशन गरिमापूर्ण और सार्थक जीने का अधिकार है कोई अनुकंपा या दया नहीं। सांगवान ने कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्स फैडरेशन का दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 22, 23 फरवरी को ऐतिहासिक नगरी कुरूक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 20 राज्यों से 25 पैंशनर्स संगठन भाग लेंगे। केन्द्र, राज्य सरकार पिछले काफी लम्बे अर्से से रिटायर्ड कर्मचारियों की न्यायसंगत, जायज मांगों की अनदेखी कर रही है, विश्वासघात कर रही है जिसके कारण पैंशनर्स समाज में भारी आक्रोश, नाराजगी है तथा लगातार आन्दोलन भी चलाया जा रहा है। एक वर्ष में पांच आन्दोलन किए लेकिन सरकार की कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

## झज्जर जिले के संस्कारम विश्वविद्यालय में हुई 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप

# सॉफ्टबॉल में भैंसरू कलां की बेटियों की बदौलत प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही टीम

### मुस्कान और नेहा को पंचायत की तरफ से स्कूल में किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

झज्जर जिले के संस्कारम विश्वविद्यालय में आयोजित 38वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भैंसरू कलां की दो बेटियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जिसकी वजह से टीम को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। मंगलवार को दोनों खिलाड़ी मुस्कान और नेहा का पंचायत की तरफ से मंगलवार को स्कूल में सम्मान किया गया। नौवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान मेहरा और निशु सिंहमार ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। हरियाणा सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव सतबीर सिंह ने बताया कि पहला छत्तीसगढ़ को और हरियाणा को दूसरा स्थान मिला।

समारोह के अंत में ग्राम पंचायत की ओर से भरोसा दिलाया गया कि भविष्य में भी गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुनीता देवी, ऋषिराम पहलवान, अशोक, शिवकुमार थानेदार, विद्या स्वरूप, बालकिशन, राजसिंह मेहरा, वेद बाल्मीकि, रविशंकर, प्रदीप और समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा।

### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र प्रिंस ने नेशनल स्कूली गेम्स में जीता सिल्वर मेडल




**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा बारहवीं के होनहार छात्र प्रिंस ने 69वीं नेशनल स्कूली गेम्स में फैंसिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर विद्यालय, माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 28 जनवरी से 3 फरवरी तक मणिपुर के इंफाल शहर में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच प्रिंस ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का प्रभावशाली परिचय दिया। टीम स्पर्धा में उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में भी उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के खेल विभाग के एचओडी विकास सहित सभी शिक्षकों ने प्रिंस को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने प्रिंस की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किए।

### नेशनल पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में नवीन दलाल ने जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** नेशनल पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नवीन दलाल ने कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता में 30 जनवरी से 2 फरवरी तक पंजाब पटियाला में आयोजित की गई। नवीन की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। नवीन दलाल रोहतक की तहसील कार्यालय में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं।"



**नवीन की उपलब्धियां**

- 2025 में एशियन पैरा आर्चरी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मार्च 2025 में नेशनल पैरा चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते।
- 2023 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता। 2023 में पैरा एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2024 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।




### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में 'मैं और मेरी दुनिया' थीम पर दी प्रस्तुति

**बच्चों को अपने परिवेश, परिवार, समाज, प्रकृति और विश्व के प्रति जिम्मेदार व संवेदनशील बनाना था उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में विद्यार्थियों द्वारा मैं और मेरी दुनिया विषय पर एक प्रेरणादायक अकादमिक प्रस्तुति का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने परिवेश, परिवार, समाज, प्रकृति और विश्व के प्रति जिम्मेदार एवं संवेदनशील बनाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, संवाद, लघु प्रस्तुतियों और आकर्षक कलाकृतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि एक बच्चा अपनी छोटी-सी दुनिया से जुड़कर ही बेहतर समाज और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है। बच्चों की प्रस्तुतियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीमवर्क स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया अरोड़ा ने मैं और मेरी दुनिया थीम की सराहना करते हुए कहा कि यह विषय बच्चों को स्वयं से लेकर पूरे विश्व तक की समझ विकसित करने में सहायक है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अब तक प्राप्त 1378 पुरस्कारों पर विद्यालय परिवार को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### डॉ. मल्लिका नड्डा व मोहनलाल बड़ौली ने किया एमडीयू का दौरा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा इनक्यूबेट किए गए दक्षिण एशिया के पहले विश्वविद्यालय आधारित समावेशी फूड ट्रक स्टार्टअप डेफेटेरिया का सोमवार को स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष एवं सुगम्य दिल्ली अभियान की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा व हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने दौरा किया। दोनों अतिथियों ने स्टार्टअप की अवधारणा, संचालन और सामाजिक प्रभाव को देखा और इसे समावेशी उद्यमिता का प्रेरक मॉडल बताया। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि डेफेटेरिया संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप एक प्रभावी पहल है। इसका राष्ट्रपति भवन तक पहुंचना इसकी सोच, गुणवत्ता और सामाजिक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

**सात अंकों के साथ रोहतक टीम के टॉप स्कोरर रहे डिफेंडर हिमांशु**

## रोहतक रॉयल्स ने भिवानी को हराकर अंक तालिका में हासिल किया पहला स्थान

- पानीपत पैंथर्स के साथ होगा रोहतक रॉयल्स का अगला मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली और रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली कबड्डी फ्रेंचाइज़ी रोहतक रॉयल्स ने कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल ) में भिवानी बुल्स को 43–35 से हराकर एक शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में रॉयल्स की लगातार चौथी जीत रही, जिससे अंक तालिका में टीम शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। रेडर और डिफेंडर, दोनों ने मिलकर एक संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सात अंकों के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे हिमांशु को बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द मैच चुना गया। रोहतक रॉयल्स का अगला मुकाबला पानीपत पैंथर्स से साथ है।


**रोहतक।** मैच के दौरान कप्तान संदीप खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए।

**शानदार जीत**

मैच की शुरुआत में ही रोहतक रॉयल्स ने पहला डिफेंसिव पॉइंट हासिल किया, जब कप्तान संदीप नरवाल ने विपक्षी खिलाड़ी को मैट पर रोका। विजय मलिक ने अपनी और टीम की पहली रेड में शानदार टच-एंड-रन के जरिए एक और अंक जोड़ा। पहले चार मिनट के भीतर ही रॉयल्स ने 5–1 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि भिवानी बुल्स ने उसी मिनट बोनस पॉइंट के साथ अपना खाता खोला। हालांकि भिवानी की डिफेंस ने शुरुआती सुपर टैकल किया, लेकिन दबदबा बनाए हुए रोहतक रॉयल्स ने सातवें मिनट में मैच का पहला ऑल-आउट देकर स्कोर 11–3 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत भी रोहतक रॉयल्स ने दमदार अंदाज़ में की और 22वें मिनट में भिवानी पर दूसरा ऑल-आउट लगाकर स्कोर 24–15 कर दिया। अंत में रोहतक रॉयल्स ने 43–35 की शानदार जीत दर्ज की।

### सिवाच संजीवनी हॉस्पिटल में स्त्री रोग जांच शिविर 5 फरवरी को

**रोहतक।** महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सिवाच संजीवनी हॉस्पिटल, गोहाना रोड की ओर से 5 फरवरी को एक विशेष स्त्री रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हॉस्पिटल परिसर में लगाया जाएगा। हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर करण सिवाच ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण मातृत्व सेवाओं के प्रति जागरूक करना है। साथ ही गर्भावस्था और डिलीवरी से जुड़े फैसलों के लिए महिलाओं को बेहतर विकल्प और दूसरी राय उपलब्ध कराना भी इस शिविर का लक्ष्य है। शिविर के दौरान सामान्य स्त्री रोग जांच, गर्भावस्था परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन निःशुल्क अथवा रियायती दरों पर प्रदान किया जाएगा। डिलीवरी की योजना बना रही महिलाओं के लिए शिविर के दिन डिलीवरी पैकेज की बुकिंग पर छूट भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप




### आदर्श स्कूल मदीना में हुआ गणतंत्र मेला बच्चों ने दिया देशभक्ति का संदेश

**महम।** आदर्श स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में गणतंत्र मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं आदर्श स्कूल के गीत से हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें हरियाणवी, मराठी, पंजाबी एवं गुजराती लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर विविध भारतीय संस्कृतियों की सुंदर झलक प्रस्तुत की। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक, कविता और भाषणों के माध्यम से जन-मन में देशभक्ति की भावना का संचार किया। मेले में मौजूद माताओं और बहनों ने भी नृत्य द्वारा अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। मेले में भोजन की स्टॉल तथा खेलों की विभिन्न स्टॉल भी लगाई गई। मेले में बच्चों द्वारा तैयार की गई मॉडल प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू लता ने व शैक्षणिक निदेशक मनविजय ने अभिभावकों को संबोधित किया।



### कर्मचारी एकजुट, मांगें नहीं मानीं तो 16 फरवरी से आंदोलन तयः जोगिन्द्र बल्हारा

**रोहतक।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक मंगलवार को कर्मचारियों के हक और अधिकारों को लेकर आयोजित की गई। इस बैठक में हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान जोगिंद्र बल्हारा ने विशेष रूप से भाग लिया। मंच का संचालन ब्रांच सचिव कृष्ण शर्मा ने किया। बैठक के दौरान कर्मचारियों की लंबित मांगों पर गंभीर चर्चा की गई। इसके उपरांत कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य विभाग को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांगों को 15 फरवरी 2026 तक पूरा करने का समय दिया गया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि निर्धारित समय सीमा तक मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 16 फरवरी 2026 से धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। साथ ही यह भी फैसला लिया गया कि सभी कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर तथा सभी साईटों पर जाकर कर्मचारियों को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की जानकारी दी जाएगी, ताकि आंदोलन को सफल बनाया जा सके। इस बैठक में सभी कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाई। मौके पर ब्रांच प्रधान राजेन्द्र नांदल, कुलदीप अहलावत जिला प्रधान, ब्रांच सचिव कृष्ण शर्मा, ब्रिजराज जिला सचिव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र, अमित संगठन कर्ता, विजयपाल, विकास, शक्ति मलिक, सुनील, अमरजीत, मनोज, कृष्ण, प्रमेंद्र, दलबीर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### करियर प्रिपरेशन वर्कशॉपः छात्राओं को एआई और साक्षात्कार कौशल के बारे में बताया

**रोहतक।** छात्राओं के भविष्य को संवारने और उन्हें आधुनिक कौशल से लैस करने के उद्देश्य से राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में दो दिवसीय करियर प्रिपरेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इंदु सपरा के कुशल मार्गदर्शन में और प्लेसमेंट सेल की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मेधा फाउंडेशन से मुख्य वक्ता के रूप में पंकज कोहली उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय की मांग के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, बेहतरीन सीवी तैयार करने और साक्षात्कार कौशल के बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि कैसे वे तकनीकी उपकरणों का उपयोग कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इंदु सपरा ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपने हुनर का सही दिशा में उपयोग करने और रोजगार के उभरते नए अवसरों व क्षेत्रों के प्रति हमेशा जागरूक रहने का संदेश दिया।

### खेड़ी साध की गृहिणी भी पीएनजी से पकाएंगी खाना, बीपीसीएल की तैयारी शुरू

**रोहतक।** रोहतक शहर की तर्ज पर गांव खेड़ी साध की गृहणियां जल्द ही पीएनजी से खाना पकाएंगी। इसके लिए भारत पट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड(बीपीसीएल) गांव में पाइप नैच्यूरल गैस (पीएनजी) के लिए लाइन बिछानी शुरू कर दी हैं। गांव की जनसंख्या 5 हजार से ज्यादा है। यहां तकरीबन 1100 परिवार हैं। मालूम रहे कि गांव नगर निगम के तहत आता है। इसलिए बीपीसीएल की प्राथमिकता है कि यहां भी पीएनजी की सप्लाई दी जाए। ताकि लोगों को सिलेंडर भरवाने के झंझट से छुटकारा मिल जाए। ध्यान ये भी रहे कि एलपीजी के बजाय आज की तारीख में पीएनजी तकरीबन 2 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती मिल रही है।

### अमेरिका से ट्रेड डील दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों का प्रमाणः मोहन लाल

**कहा- ट्रेड डील से भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा और घरेलू इकॉनमी को बढ़ावा मिलेगा**



**रोहतक।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारत-अमेरिका के बीच हुए समझौते को देश के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडरशिप को दर्शाती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ये ट्रेड डील भारत और अमेरिका के मजबूत होते रिश्तों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब हमारे वोकल फॉर लोकल' और 'विकसित भारत' पहल के तहत देश में बने सभी सामानों को फायदा होगा। भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा और घरेलू इकॉनमी को बढ़ावा मिलेगा। बडौली ने कहा कि भारतीय निर्यात पर अमेरिका द्वारा 25 से घटाकर 18 फीसदी टेरिफ करने से हमारे देश को बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे भारत और अमेरिका के रणनीतिक और आर्थिक रिश्ते मजबूत होंगे और दोनों देशों में मजबूत सप्लाई चेन बनेगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार देशहित में काम कर रही है। भाजपा सरकार की जनकल्याण की नीतियों से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति का उत्थान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की नेतृत्व क्षमता और वैश्विक साख बढ़ी**

### लावारिस मिला नवजात अब सुरक्षित, 4 माह बाद गया फ्री अडॉप्शन में

**रोहतक।** सोनीपत शहर से बाहर भूसे के पुराल में चार माह पूर्व लावारिस हालत में मिला नवजात शिशु अब सुरक्षित रूप से फ्री अडॉप्शन में भेज दिया गया है। सुबह के समय शिशु के रोने की आवाज सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद बाल-कल्याण समिति सोनीपत के माध्यम से बाल कल्याण समिति रोहतक के चेयरमैन सतीश कौशिक से संपर्क किया गया। इसके पश्चात बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप, पूनम सहित बाल कल्याण समिति के सदस्य चौधरी लखमीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी पहुंचे और एजेंसी मैनेजर संदीप को शिशु की स्वास्थ्य जांच व समुचित देखभाल के निर्देश दिए गए। सूचना मिलने पर आश्रम के मंत्री युवराज सिंह, राजरूप राठी, रविंद्र सिंह, सुभाष सांगवान और हवा सिंह राठी भी मौके पर पहुंचे।

## विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित समझदारीपूर्ण व जिम्मेदार उपयोग सिखाया

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर विस्तृत कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बीएम यादव एवं रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के साइबर सेल द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित, समझदारीपूर्ण और जिम्मेदार उपयोग सिखाना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता योगेंद्र मलिक साइबर विशेषज्ञ एवं सदस्य, इंडियन साइबर क्लब ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, पहचान की चोरी, फर्जी लिंक और एप्स के माध्यम से ठगी जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

योगेंद्र मलिक ने विद्यार्थियों को मजबूत और अलग-अलग पासवर्ड रखने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने, अनजान ईमेल, लिंक और ओटीपी साझा न करने, सार्वजनिक वाई-फाई के उपयोग में सतर्कता बरतने तथा सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मनीष दलाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी बन चुकी है। इस अवसर पर डॉ. राजरानी, डॉ. प्रमिला, डॉ. नेहा, डॉ. विनती, डॉ. सोनिया, डॉ. हरविंदर, आकाश दीप, अन्नू सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर

DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**तैयारी** मिनी ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा प्रसिद्ध नाटककार व लेखक मोहन राकेश का जन्मोत्सव

# सुपवा के विद्यार्थियों का नाटक मंचन 5 को रिहर्सल से तैयारियों को दिया अंतिम रूप

- उनके लिखित बहुचर्चित नाटक आधे-अधूरे का दृश्य मंचन, सीन वर्क सुपवा के छात्र करेंगे
- स्त्री-पुरुष के संबंधों में आई विषमताओं को दर्शाता है नाटक आधे-अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के मिनी ऑडिटोरियम में 5 फरवरी को प्रसिद्ध नाटककार व लेखक मोहन राकेश की जन्म शताब्दी मनाई जाएगी। इस अवसर पर उनके लिखित बहुचर्चित नाटक आधे-अधूरे का दृश्य मंचन, सीन वर्क डीएलसी सुपवा के छात्रों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए अभिनय विभाग के छात्र लगातार रिहर्सल करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

डीएलसी सुपवा के फिल्म एंड टेलीविजन डिपार्टमेंट के एफसी महेश टीपी ने बताया कि नाटक आधे-अधूरे की परिकल्पना और निर्देशन प्रोफेसर विभांशु वैभव कर रहे हैं।


रोहतक। नाटक की तैयारी करते कलाकार।

महेंद्र नाथ की भूमिका में प्रिंस, जगमोहन की भूमिका में पुष्कर व सावित्री की भूमिका भारती निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि नाटक आधे-अधूरे स्त्री-पुरुष के संबंधों में आई विषमताओं को दर्शाता है। हमारी महत्वकांक्षाएं ही हमारे जीवन को आधा-अधूरा साबित करती हैं। घर को घर बनाए रखने के चक्कर में किस तरह हम अपने अस्तित्व को खो देते हैं, परिवार बिखर जाता है। रिश्ते कुलसित हो जाते हैं, यही सभी आधे-अधूरे में देखने को मिलेगा। डीएलसी सुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि छात्र नाटक के किरदार में पूरी तरह से उतर जाएं, इसके लिए मिनी ऑडिटोरियम में सेट तैयार किया गया है। प्रतिभागी छात्रों व दर्शकों को मंचन संजीव महसूस हो और इसे लंबे समय तक याद रख सकें, इसलिए ही यूनिवर्सिटी ने कहानी की मांग के अनुसार विशेष तौर पर सेट बनवाया है। डॉ आर्य ने कहा कि यूनिवर्सिटी का प्रयास यहां पर ऐसे प्रशिक्षित व सुशिक्षित कलाकार तैयार करना है, जो आगे चल रह कर देश-विदेश में अपना व हरियाणा का नाम रोशन कर सकें। इसलिए उन्हें बड़ी फिल्मों जैसे सेट प्रेक्टिस के लिए मुहैया कराए जा रहे हैं।

बाबा मस्तनाथ विवि के बाहर 6 साल से टूटी सड़क पर जानलेवा गड्ढे, रोज हो रहे हादसे

# दो माह और हिचकोले खाएंगे दिल्ली से आने वाले मेहमान

*सीवर का काम पूरा, मार्च में होगा सड़क बनाने का टेंडर*

*कई बार हो चुका सड़क मरम्मत कार्य, फिर भी अधूरी*

- **अमृत योजना के तहत 2017 में डाली गई थी दिल्ली बाईपास से गांवों तक सीवर लाइन**
- **निर्माण कार्यों में खामियों के कारण बार बार टूट रही सड़क हादसों में लोग हो रहे चोटिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली से रोहतक आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों को अभी कम से कम दो माह और बदहाल सड़क पर हिचकोले खाने पड़ेंगे। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के बाहर पिछले छह वर्षों से टूटे पड़े सीवर और सड़क की समस्या फिलहाल पूरी तरह खत्म होती नजर नहीं आ रही है। हालांकि नगर निगम का दावा है कि सीवर रिपेयर का काम पूरा हो चुका है और सड़क निर्माण के लिए मार्च माह में टेंडर जारी होगा। यह इलाका दिल्ली-रोहतक मार्ग से जुड़ा होने के कारण रोजाना यहां से हजारों वाहन गुजरते हैं, जिनमें निजी वाहन, बसें, एंबुलेंस व मालवाहक वाहन शामिल हैं। सड़क इतनी खराब है कि हल्की बारिश में ही यहां पानी भर जाता है और गड्ढों के कारण वाहन चालक हादसों को शिकार हो जाते हैं।



### सड़क की मिट्टी भी गायब कर गए ठेकेदार!

- हाल के महीनों में स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। सीवर डैमेज होने के कारण कई माह तक इसकी रिपेयरिंग का काम चलता रहा। खुदाई से सड़क पूरी तरह उखड़ गई।
- इस दौरान दर्जनों ट्राली मिट्टी निकाली गई, लेकिन यह कहां गायब हो गई इसका पता ही नहीं चला।
- सूत्रों का कहना है इस मिट्टी को ठेकेदारों ने बेच दिया। हालांकि यह जांच का विषय है।
- सड़क में गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। दिल्ली की ओर से आने वाले लोग इस मार्ग को लेकर परेशान हैं, क्योंकि यह रोहतक में प्रवेश का प्रमुख रास्ता है।

### जल्द जारी होगा टेंडर

सीवर डैमेज हो गए थे, जिसकी वजह से कई माह तक उनकी रिपेयर करवानी पड़ी। अब सीवर का काम पूरा हो चुका है। सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी। निगम का प्रयास है कि काम शुरू होते ही इसे तेजी से पूरा कराया जाए।
**-आनंद कुमार शर्मा, निगम आयुक्त रोहतक**

### सीवर लाइन डालने के बाद सड़क का निर्माण नहीं किया

स्थानीय लोगों के अनुसार दिल्ली रोड से आईएमटी तक 2017 में सीवर लाइन दबाई थी। लेकिन सीवर लाइन डालने के बाद सड़क का स्थायी निर्माण नहीं किया गया। समय-समय पर केवल अस्थायी मरम्मत कर दी गई, जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती थी। इसके चलते सड़क बार-बार टूटती रही और सीवर भी कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया।

**पैचवर्क से नहीं निकला समाधान**

पिछले कुछ वर्षों में इस सड़क पर कई बार पैचवर्क और मरम्मत का कार्य कराया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल सका। भारी वाहनों की आवाजाही और कमजोर निर्माण के कारण सड़क जल्दी धंस जाती थी। इससे सीवर लाइन भी डैमेज हो जाती थी और गंदा पानी सड़क पर फैलने लगता था। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने कई बार नगर निगम से शिकायत भी की, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही।

याद बहुत आते हैं वो दिन...

# मेहनत का कोई विकल्प नहीं यही जीवन में कामयाबी का मंत्र

*सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्य सतपाल मलिक, रिटायर्ड कर्मचारी ने बताया कि हमने वास्तव में दो अलग-अलग दौर की जिंदगियां जी हैं। एक जीवन वह था, जो अपने माता-पिता, खासकर पिता के सान्निध्य में बीता और दूसरा वह, जो आज की पीढ़ी के साथ दिखाई देता है। इन दोनों के बीच फर्क केवल समय का नहीं, सोच और संस्कारों का भी है।*

मेरा जन्म 1959 में हुआ। आज जब जीवन की लंबी यात्रा को पीछे मुड़कर देखता हूं, तो साफ महसूस होता है कि हमने वास्तव में दो अलग-अलग दौर की जिंदगियां जी हैं। एक जीवन वह था, जो अपने माता-पिता, खासकर पिता के सान्निध्य में बीता और दूसरा वह, जो आज की पीढ़ी के साथ दिखाई देता है। इन दोनों के बीच फर्क केवल समय का नहीं, सोच और संस्कारों का भी है। मेरे पिता बेहद मेहनती इंसान थे। उनके लिए मेहनत कोई मजबूरी नहीं, बल्कि जीवन का अटल नियम थी। सूरज निकलने से पहले वे खेतों की ओर निकल जाते और अंधेरा घिरने के बाद ही घर लौटते। खेती उनका काम ही नहीं, उनका जीवन थी। हम बच्चे भी उनके साथ खेतों में हाथ बंटाते थे।



**सतपाल मलिक,** रिटायर्ड कर्मचारी



### खेतों में काम किया और पाई सफलता


हल चलाना, पानी लगाना, फसल की देखभाल करना ये सब काम बचपन में ही सीखने पड़े। हाथों में छाले पड़ते, शरीर थक जाता, लेकिन शिकायत करने की गुंजाइश नहीं होती थी। उस समय यह सब बोझ लगता था, पर आज वही अनुभव सबसे बड़ी सीख बनकर सामने खड़ा है। मेहनत के साथ-साथ हमारे माता-पिता ने शिक्षा को भी कभी नजरअंदाज नहीं किया। खेत से लौटने के बाद भी किताबें खोलनी पड़ती थीं। कई बार थकान इतनी होती थी कि आंखें खुद-ब-खुद बंद होने लगती थीं, लेकिन पिता का एक ही वाक्य होता था "पढ़ लोगे तो जिंदगी आसान हो जाएगी।" उस समय यह बात समझ नहीं आती थी, लेकिन आज महसूस होता है कि वही शब्द हमारे भविष्य की दिशा तय कर रहे थे। वाकई, मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। यही जीवन का सबसे बड़ा और सबसे सच्चा नियम है।

### लगातार मेहनत की



मेरे तीन बेटे हैं। मैंने अपनी पूरी जिंदगी लगातार मेहनत और संघर्ष के साथ बिजनेस में गुजारी है। सुबह से शाम तक काम, जिम्मेदारियां और परिवार की चिंता ही दिनचर्या का हिस्सा रही। समय कैसे निकल गया, इसका अहसास ही नहीं हुआ। आज मुझे यह संतोष है कि जिस काम को मैंने वर्षों तक सींचा, वह अब सुरक्षित हाथों में है। **-मांगेराम कथूरिया**

### अब सुख मिला



सारी उम्र हरियाणा रोडवेज में नौकरी करते हुए बीत गई। सुबह-शाम की ड्यूटी, बसों की आवाज, यात्रियों की भीड़ और समय की पाबंदी यही मेरी पहचान थी। अब सबसे बड़ा सुख यह है कि अब पूरा समय अपने पोते-पोतियों के साथ बिताता हूं। उनकी शरारतों पर मुस्कुरा देना यही मेरी खुशी है। **-रणबीर मलिक**, रोडवेज से सेवानिवृत्त

### मजे में जिंदगी



पिता के कहने पर फौज में भर्ती हुआ और वही जीवन का रास्ता बन गया। सीमाओं पर तैनाती, लंबी ड्यूटी और परिवार से दूर रहना आसान नहीं था, लेकिन वर्दी पहनने का गर्व हर मुश्किल को छोटा बना देता था। अब रिटायर होकर जिंदगी का दूसरा और ज्यादा सुकून भरा दौर चल रहा है। **-रमेश तोमर**, रिटायर्ड, फौजी

## खबर संक्षेप

### गिरावड़ में खेत से सोलर मोटर चोरी

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव गिरावड़ में एक खेत से सोलर मोटर चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी किसान प्रेम पुत्र भीम सिंह ने बताया कि उसने अपने खेत डेढ़ लाख पूर्व एक सोलर ट्यूबवैल कनेक्शन लिया था। रात को वह अपने खेत में जा रहा था। उसने देखा कि एक सफेद रंग की सेंट्रो गाड़ी उसके खेत की ओर आ रही थी।

### खेत की रखवाली करने गए किसान की बाइक चोरी

**महम।** किशनगढ़ गांव में खेत की रखवाली करने गए एक किसान की बाइक चोरी हो गई। सिटी पुलिस चौकी में दी शिकायत में किशनगढ़ गांव निवासी दीपक पुत्र सुरेश ने बताया कि वह अपनी मोटर साइकिल लेकर खेतों की रखवाली के लिए गया था।

### ईआरओ व अतिरिक्त एईआरओ को दिया प्रशिक्षण

**रोहतक।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार आगामी गहन पुनरीक्षण सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में रोहतक मंडल के जिलों झज्जर, भिवानी, चरखी दादरी, सोनीपत व रोहतक के सभी ईआरओ एवं अतिरिक्त एईआरओ को प्रशिक्षण दिया गया।

सीएम से नहीं मिल पाए एसोसिएशन पदाधिकारी, अधिकारियों ने रोका

# जिले के 70 पटवारी हड़ताल पर, कार्य ठप

- **वर्ष 2024 में 42 और 2023 में 20 दिन तक स्ट्राइक पर रहे थे कर्मचारी**
- **जमीन की रजिस्ट्री की संख्या 50-60 से कम होकर 30-35 रह गई**
- **जिले में पटवारियों के 104 पद हैं स्वीकृत**
- **आंदोलन के लिए अगली रूपरेखा बुधवार को घोषित करेगी एसोसिएशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा गत नवंबर में निलंबित किए छह पटवारियों का निलंबन आदेश रद कराने की मांग को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी जिले के सभी 70 पटवारी हड़ताल पर रहे। जिससे लोगों के काम प्रभावित रहे। इधर मांग को लेकर एसोसिएशन पदाधिकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय पहुंचे। लेकिन अधिकारियों ने सीएम से मुलाकात नहीं होने दी। ये आरोप एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाए हैं। रोहतक तहसील परिसर में धरना स्थल पर हुई सभा में पटवार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष पवन सांवरिया ने कहा कि जब तक सरकार उनके छह साथियों के निलंबन के आदेश रद नहीं करेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार को दो टूक कहा कि जिन पटवारियों को निलंबित किया गया है, उनका कोई दोष नहीं है। केवल पब्लिक की वाहवाही लूटने के लिए सरकार ने पटवारियों को सस्पेंड कर दिया। उपाध्यक्ष ने बताया कि गिरदावरी की क्रॉस चैकिंग की जिम्मेदारी के लिए सरकार ने एक सिस्टम बनाया हुआ है। उसमें पटवारी, गिरदावर, तहसीलदार, एसडीएम, डीसी और कमिश्नर तक शामिल हैं। अगर पटवारियों ने खरीफ 2025 की गिरदावरी में खराब हुई फसल के फोटो अपलोड करने में गलती की थी तो फिर सीनियर अधिकारी उस समय क्या कर रहे थे।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना देते पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के सदस्य।

### पटवारी धरने में शामिल

चूंकि धरना जिला मुख्यालय रोहतक पर दिया जा रहा है। इसलिए महम,सब तहसील लाखनमाजरा, कलानौर और सांपला तहसील के पटवारी रोहतक पहुंचकर धरने में शामिल हो रहे हैं। जिले में पटवारियों की 104 पद स्वीकृत हैं। जबकि इस समय 70 पद भरे हुए हैं। जमीन की रजिस्ट्री कराने के टोकन तीन दिन पहले इश्यू होते हैं। इसलिए फिलहाल तक प्रशासनिक कार्य ज्यादा बाधित नहीं हैं। क्योंकि लोग कई दिन पहले ही जमीन की फर्द वगैरह पर पटवारियों के हस्ताक्षर करा लेते हैं।

### तहसील में नहीं हो पा रही रजिस्ट्रियां

जहां पहले आम दिनों में रोहतक तहसील में प्रतिदिन 50-60 रजिस्ट्री होती थी, अब इनकी संख्या 30-35 रह गई है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट हर रोज 200-250 बनते थे, अब 100-125 ही बन रहे हैं। हड़ताल बुधवार को भी जारी रहेगी। ध्यान रहे कि कर्मचारियों ने पे ग्रेड की मांग को लेकर 42 दिन तक आंदोलन किया था। इसके बाद ही सरकार ने पटवारियों की मांग स्वीकार की थी। इससे पहले भी वर्ष 2023 में भी पे ग्रेड को लेकर 15-20 दिन पटवारी धरने पर बैठे रहे थे।

### प्रशासन में पटवारी की अहम भूमिका

पटवारी की ड्यूटी उसके अधीन आने वाले गांवों की सभी जमीनों का रिकॉर्ड रखना होता है। ये गांवों की प्रशासन व्यवस्था में एक अहम भूमिका निभाता है। उसका काम होता है जमीन का रिकॉर्ड रखना और जमीन से जुड़ी जानकारी सही तरीके से संभालना। वह देखता है कि जमीन किसकी है, कैसे इस्तेमाल हो रही है और अगर जमीन बेची या बदली गई है, तो उसका रिकॉर्ड बनाता है। भूमि और राजस्व से संबंधित दस्तावेजों, जैसे कि जमाबंदी (नकल), गिरदावरी (फसल निरीक्षण), और खसरा/खतौनी की रिपोर्ट को सत्यापित करते हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों में आय प्रमाण पत्र, निवास (डोमिसाइल) प्रमाण पत्र, और जाति प्रमाण पत्र के लिए भी रिपोर्ट तैयार करते हैं।

### आज तय करेंगे अगली रणनीति

मंगलवार को एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से नहीं मुलाकात नहीं कराई गई। राज्य कार्यकारिणी के प्रधान जयबीर चहल, सलाहकार सोनू धाकड़ समेत दूसरे पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। प्रधान चहल ने बताया कि उनका प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गया था। लेकिन अधिकारियों ने सीएम से मुलाकात नहीं होने दी। इन्होंने कहा कि बुधवार शाम को यह तय हो जाएगा कि हड़ताल कितने दिन और बढ़ाई जाएगी।

# रेलवे की जमीन पर बने मंदिर को लेकर विवाद, भाजपा कार्यकर्ता से हाथापाई

- **सड़क निर्माण के प्रस्ताव ने पकड़ा तूल, पुलिस हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के बजरंग भवन फाटक के पास रेलवे की जमीन पर प्रस्तावित चौड़ी सड़क के निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इसी जमीन पर बने एक मंदिर को लेकर भाजपा कार्यकर्ता और मंदिर कमेटी आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। झगड़े में दोनों पक्षों को चोटें आईं, जिसके बाद मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा।

### रेलवे भूमि पर सड़क निर्माण का प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा बजरंग भवन फाटक के समीप रेलवे की जमीन पर सड़क निर्माण का प्रस्ताव पहले ही पास किया जा चुका है। इस सड़क के बनने से इलाके में यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। नगर निगम की टीम ने हाल ही में मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। लेकिन रेलवे की जमीन पर बने मंदिर को लेकर विवाद खड़ा हो गया। भाजपा कार्यकर्ता मोहित धनवंतरी ने मंदिर को अवैध निर्माण बताते हुए इसे हटाने की मांग की, ताकि सड़क निर्माण में कोई बाधा न आए।



रोहतक। रेलवे की जमीन पर बने मंदिर ।

### कहासुनी से हाथापाई तक पहुंचा मामला

मंदिर को हटाने या न हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी बहस हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से धक्का-मुक्की शुरू हो गई और कुछ ही देर में लात-घूंसे चलने लगे। इस झगड़े में दोनों पक्षों को चोटें आईं। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया।

### भाजपा कार्यकर्ता बोले, दबाव बना रही मंदिर कमेटी

भाजपा कार्यकर्ता मोहित धनवंतरी का कहना है कि मंदिर कमेटी के सदस्य लगातार उस पर दबाव बना रहे हैं कि वह मंदिर हटाने के विरोध से पीछे हट जाए। उनका आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में प्रशासन भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। मोहित का कहना है कि हर शनिवार और मंगलवार को मंदिर के बाहर सड़क पर भारी भीड़ जमा होती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने मंदिर को अवैध बताते हुए कहा कि यह शहर के विकास में बाधा बन रहा है।

### मंदिर कमेटी का पलटवार

मंदिर कमेटी के सदस्य जतिन अरोड़ा ने भाजपा कार्यकर्ता के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि मोहित धनवंतरी मंदिर के सेवादारों को लगातार परेशान कर रहा है और जबरन मंदिर हटाने की बात कह रहा है। जतिन अरोड़ा के अनुसार नगर निगम की टीम ने मौके पर आकर सुझाव दिया था कि मंदिर को सात फुट के भीतर सीमित कर लिया जाए, ताकि सड़क के लिए रास्ता छोड़ा जा सके। लेकिन इसके बावजूद मोहित मंदिर को पूरी तरह हटाने पर अड़ा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि समझाने के दौरान मोहित ने ही पहले मारपीट शुरू की। इसके साथ ही जतिन अरोड़ा ने मोहित पर अवैध पार्किंग और बिना एनओसी चार मंजिला इमारत खड़ी करने के आरोप भी लगाए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

काले पीलिया के खिलाफ लड़ाई का प्रमुख केंद्र बना पीजीआईएमएस

# अब नाई और ब्यूटी पार्लर संचालकों को करेंगे जागरूक

नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत हरियाणा का एकमात्र नोडल ट्रीटमेंट सेंटर, हेपेटाइटिस बी-सी का संपूर्ण नि:शुल्क इलाज जांच और टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम (एनवीएचसीपी) के तहत हरियाणा राज्य का एकमात्र नोडल ट्रीटमेंट सेंटर है। इस केंद्र के माध्यम से हेपेटाइटिस बी व सी से पीड़ित मरीजों को संपूर्ण निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए भी लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत उन सभी व्यक्तियों को हाई रिस्क श्रेणी में रखा गया है, जिनमें काले पीलिया की आशंका अधिक होती है। इनमें काले पीलिया के मरीजों के परिजन, हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त मरीज, डायलिसिस पर रहने वाले रोगी, नशे के टीके लेने वाले, शुगर के मरीज और लीवर पर दबाव झेल रहे लोग शामिल हैं।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं नोडल ट्रीटमेंट सेंटर के इंचार्ज डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ।

### ब्यूटी पार्लर पर काम करने वाले हाई रिस्क जोन में

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं नोडल ट्रीटमेंट सेंटर के इंचार्ज डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि नाई और ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारी भी हाई रिस्क श्रेणी में आते हैं। कारण यह है कि कट लगने या खून के संपर्क में आने से संक्रमण फैलने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा एक विशेष परियोजना शुरू की गई है, जिसका नाम बारबर एंड ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग रखा गया है। इसकी थीम सुरक्षित रहो, सुरक्षित रखो है, ताकि नाई और ब्यूटी पार्लर कर्मचारी स्वयं भी सुरक्षित रहें और समाज को भी सुरक्षित रख सकें। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि इसी कड़ी में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में नाई भाइयों और ब्यूटी पार्लर कर्मियों के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। इस शिविर में उनका काले पीलिया का निशुल्क परीक्षण किया गया, नि:शुल्क वैक्सीन लगाई गई तथा एक सुरक्षा किट भी प्रदान की गई। इस किट में ब्लेड व अन्य उपकरण रखने के लिए कंटेनर, संक्रमण खत्म करने वाले केमिकल, पेपर नैपकिन और सैनिटाइजर शामिल हैं।

### हर ग्राहक के लिए नया ब्लेड इस्तेमाल हो

सभी नाई भाइयों से अपील की कि वे हर ग्राहक के लिए नया ब्लेड इस्तेमाल करें, उस्तरे को पूरी तरह से सेनेटाइज करें और एक ग्राहक के बाद दूसरे ग्राहक की शेव या कटिंग करने से पहले अपने हाथ अवश्य सेनेटाइज करें।

### पीजीआई से लें जानकारी : डॉ प्रवीण

डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि पूरे हरियाणा से कोई भी नाई या ब्यूटी पार्लर कर्मचारी पीजीआई आकर काले पीलिया से संबंधित जानकारी ले सकता है, निशुल्क जांच करवा सकता है और बचाव की वैक्सीन लगवा सकता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिनमें पालिका बाजार के प्रधान गुलशन निझावन, एमटीएफसी से नरेश ढल, सुनो नहरों की पुकार से डॉ. जसमेर व उनकी टीम, गांधी स्कूल से नरेश गांधी, हरिओम सेवा दल से विजय खुराना, हम और आप से विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।




रोहतक। आमजन को स्वच्छता के नियमो बारे जागरूक करते हुए।

# प्लास्टिक बेचने वाले सात दुकानदारों के काटे चालान

- **4 चालान 1700 रुपये के गंदगी फैलाने वालों और 3 चालान 1500 के प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने वालों के किए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त, नगर निगम रोहतक के आदेशो की अपनुपालना में मंगलवार को सफाई शाखा की टीम द्वारा शहर में निरीक्षण किया गया जिस दौरान गंदगी फैलाने वालो व प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने वालो के चालान किए गए।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैलाने, दुकानों के बाहर गंदगी रखने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालो के चालान किए गए। 4 चालान 1700 रूपये के गंदगी फैलाने वालो व 3 चालान 1500 रूपये के प्रतिबंद्वित प्लास्टिक बेचने वालो के किए गए। इसके साथ ही नगर निगम की एक विशेष टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। टीम ने आज नई अनाज एवं सब्जी मण्डी में दुकानदारों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, डस्टबीन का प्रयोग करने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, स्वच्छता ऐप के महत्त्व बारे जानकारी दी गई तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने व उनके स्थान पर कपड़े व कागज के थैलों के उपयोग करने बारे प्रेरित किया गया।